Daksh®

23 जून 2026 को जारी नवीनतम
एवं परिवर्धित पाठ्यक्रमानुसार

RSSB द्वारा आयोजित

# CET-2026

No.1

## Level (10+2)

# 11 प्रैक्टिस पेपर्स

सम्पूर्ण हल एवं व्याख्या सहित

1320 परीक्षोपयोगी अतिमहत्त्वपूर्ण प्रश्न

OMR शीट सहित

- वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे नवीनतम पैटर्न पर आधारित प्रश्नों का समावेश
- आर्थिक समीक्षा 2025-26, 41 जिलें एवं 7 सम्भाग के अनुसार
- विगत वर्षों के प्रश्नपत्रों के विश्लेषण पर आधारित प्रैक्टिस पेपर
- कम समय में निश्चित सफलता हेतु एकमात्र प्रैक्टिस पेपर

Buy Online at :
WWW.DAKSHBOOKS.COM

दक्ष®

Daksh®

**COVERING 100% SYLLABUS**

RSSB द्वारा आयोजित

समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)

# CET

## (10+2) Level

**23 जून, 2026 को RSSB द्वारा आयोजित नवीनतम पाठ्यक्रमानुसार**

# 11 प्रैक्टिस पेपर्स

**(हल एवं सम्पूर्ण व्याख्या सहित)**

**with OMR Answer Sheet**

**प्रिय परीक्षार्थियों,**

राजस्थान सरकार द्वारा आगामी **CET परीक्षा** की अल्प समय में पर्याप्त तैयारी एवं **परीक्षा के पैटर्न को समझने हेतु** इन प्रैक्टिस पेपर्स की विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्या की गई है। यह प्रैक्टिस पेपर्स आपके ज्ञान का परीक्षण करने और परीक्षा के प्रारूप से परिचित होने के लिए बेहद उपयोगी हैं।

शुभकामनाओं सहित

**DAKSH PUBLICATIONS**

(A Unit of College Book Centre)

WWW.DAKSHBOOKS.COM

प्रकाशक :
**परितोष वर्धन जैन**
**कॉलेज बुक सेन्टर**
A-19, सेठी कॉलोनी,
जयपुर-302 004

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

DTP :
**Pooja Enterprises**
Jaipur

Printed by :
**K.D. Printers**
Jaipur

Code No.: D-966

# अनुक्रमणिका

| अध्याय नं. | अध्याय/विषय का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| ❖ | 23 जून, 2026 को जारी नवीनतम पाठ्यक्रम | 3–4 |
| ❖ | CET (सीनियर सैकण्डरी स्तर) प्रैक्टिस पेपर-1 | 5–24 |
| ❖ | CET (सीनियर सैकण्डरी स्तर) प्रैक्टिस पेपर-2 | 25–44 |
| ❖ | CET (सीनियर सैकण्डरी स्तर) प्रैक्टिस पेपर-3 | 45–64 |
| ❖ | CET (सीनियर सैकण्डरी स्तर) प्रैक्टिस पेपर-4 | 65–84 |
| ❖ | CET (सीनियर सैकण्डरी स्तर) प्रैक्टिस पेपर-5 | 85–104 |
| ❖ | CET (सीनियर सैकण्डरी स्तर) प्रैक्टिस पेपर-6 | 105–124 |
| ❖ | CET (सीनियर सैकण्डरी स्तर) प्रैक्टिस पेपर-7 | 125–144 |
| ❖ | CET (सीनियर सैकण्डरी स्तर) प्रैक्टिस पेपर-8 | 145–164 |
| ❖ | CET (सीनियर सैकण्डरी स्तर) प्रैक्टिस पेपर-9 | 165–184 |
| ❖ | CET (सीनियर सैकण्डरी स्तर) प्रैक्टिस पेपर-10 | 185–204 |
| ❖ | CET (सीनियर सैकण्डरी स्तर) प्रैक्टिस पेपर-11 | 205–224 |

- प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक के किसी भी अंश का किसी भी प्रणाली के सहारे पुन:उत्पत्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके (इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फॉटोकॉपी, रिकॉर्डिंग, डिजिटल, वेब) के माध्यम से अथवा इस पुस्तक का नाम, टाईटल, चित्र, रेखाचित्र, नक्शे, डिजाईन, कवर डिजाईन, सैंटिंग, शिक्षण-सामग्री, विषय-वस्तु, पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी भाषा में हूबहू या तोड़-मरोड़ कर या अदल-बदल कर प्रकाशन या वितरण नहीं किया जा सकता है। इस पुस्तक के पूर्ण प्रतिलिप्याधिकार *(Copyright)* प्रकाशक के पास सुरक्षित हैं।
- पुस्तक का कम्पोजिंग कार्य कम्प्यूटर द्वारा कराया गया है। पुस्तक के लेखन व प्रकाशन कार्य में लेखक, प्रूफ रीडर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरतने के बावजूद भी अधूरी या पुरानी जानकारी का होना/कुछ ग़लतियों/कमियों का रह जाना मानवीय भूलवंश सम्भव है, जिसके लिए पुस्तक प्रकाशन से जुड़े मुद्रक, लेखक एवं प्रकाशक उत्तरदायी नहीं होंगे। पाठकों के सुझाव सादर आमंत्रित हैं।
- सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जयपुर, राजस्थान होगा।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

# पाठ्यक्रम

समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)

# Common Eligibility Test (CET)

बोर्ड द्वारा राजस्थान अधीनस्थ एवं लिपिकवर्गीय सेवा (समान पात्रता परीक्षा) नियम-2022 यथा संशोधित के अन्तर्गत निम्नलिखित सेवाओं हेतु **समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)-2026** के लिए निर्धारित प्रपत्र में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन में वर्णित शर्तों एवं निर्बन्धनों के अध्यधीन ऑनलाइन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाते हैं—

| क्र.सं. | सेवा का नाम | पद का नाम |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान वन अधीनस्थ सेवा | वनपाल |
| 2. | राजस्थान अल्पसंख्यक मामलात अधीनस्थ सेवा | छात्रावास अधीक्षक |
| 3. | राजस्थान आबकारी अधीनस्थ सेवा (निवारक शाखा) | जमादार ग्रेड-II |
| 4. | राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा | कांस्टेबल |
| 5. | राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्यालय लिपिकवर्गीय सेवा | लिपिक ग्रेड-II |
| 6. | राजस्थान सचिवालय लिपिकवर्गीय सेवा | लिपिक ग्रेड-II |
| 7. | राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय लिपिकवर्गीय सेवा | कनिष्ठ सहायक |
| 8. | राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड लिपिकवर्गीय सेवा | कनिष्ठ सहायक |
| 9. | राजस्थान पंचायती राज | कनिष्ठ सहायक |
| 10. | राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड (सेवा) | कनिष्ठ सहायक |
| 11. | राजस्थान कृषि उपज मंडी (मंडी समिति कर्मचारी सेवा) | कनिष्ठ सहायक |
| 12. | माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान कर्मचारी (संशोधन) सेवा विनियम | लिपिक ग्रेड-II |
| 13. | राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड कर्मचारी सेवा नियम एवं विनियम | कनिष्ठ सहायक |
| 14. | जयपुर विकास प्राधिकरण अधीनस्थ सेवा | कनिष्ठ सहायक |

## परीक्षा की स्कीम

| विषय विवरण | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | समय |
|---|---|---|---|
| **राजस्थान का इतिहास, राजस्थान की कला और संस्कृति, भारत का भूगोल, राजस्थान का भूगोल, राजस्थान के विशेष संदर्भ में भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, राजस्थान की अर्थव्यवस्था, दैनिक विज्ञान, तार्किक विवेचन एवं गणित, समसामयिक घटनाएं, जन स्वास्थ्य, कंप्यूटर की जानकारी, सामान्य हिन्दी एवं अंग्रेजी** | 120 | 240 | 02:30Hr |

नोट— 1. सभी प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे तथा सभी प्रश्नों के अंक समान होंगे।
2. किसी प्रश्न के गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के पूर्णांक का एक-तिहाई (1/3) भाग नकारात्मक अंकन किया जायेगा।

### राजस्थान का इतिहास

- प्रमुख प्राचीन सभ्यताएँ और पुरातात्विक स्थल
- प्रमुख शासक और उनकी उपलब्धियाँ
- 1857 का विद्रोह, किसान आंदोलन, जनजाति आंदोलन, प्रजामंडल आंदोलन और राजस्थान का एकीकरण
- प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्तित्व

### राजस्थान की कला और संस्कृति

- स्थापत्य एवं चित्रकला
- लोक संगीत, वाद्य यंत्र, नृत्य, नाटक
- प्रमुख धार्मिक पंथ एवं लोक देवता
- सामाजिक जीवनः वेशभूषा, आभूषण, मेले, त्यौहार, रीति-रिवाज और परंपराएँ
- भाषा, बोलियाँ और साहित्य
- कला और संस्कृति के क्षेत्र में प्रमुख व्यक्तित्व

### भारत का भूगोल

- भारत के भौतिक स्वरूप : पर्वत, पठार, मरुस्थल एवं मैदान
- प्रमुख नदियां, बांध, झीलें एवं सागर
- वन्य जीव एवं अभयारण्य
- आपदा प्रबन्धन एवं जलवायु परिवर्तन

### राजस्थान का भूगोल :-

- राजस्थान के प्रमुख भौतिक स्वरूप
- जलवायु दशाएं
- प्राकृतिक वनस्पति
- प्रमुख मृदाएं
- नदियां, बांध एवं झीलें
- राजस्थान के प्राकृतिक संसाधन : खनिज सम्पदा, वन सम्पदा, जल-संसाधन
- पशु सम्पदा

- वन्य जीव, अभयारण्य एवं संरक्षण
- जनसंख्या : वितरण, वृद्धि, घनत्व, साक्षरता एवं लिंगानुपात
- प्रमुख जनजातियाँ
- राजस्थान में पर्यटन

**राजस्थान के विशेष संदर्भ में भारतीय राजनीतिक व्यवस्था**

- भारतीय संविधान की प्रकृति, प्रस्तावना (उद्देशिका), मौलिक अधिकार एवं राज्य के नीति निदेशक तत्व
- भारतीय राजनीतिक व्यवस्था : राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मंत्रिपरिषद, संसद, उच्चतम न्यायालय, निर्वाचन आयोग
- राजस्थान की राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था : राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राज्य विधानसभा, उच्च न्यायालय, राजस्थान लोक सेवा आयोग, राज्य निर्वाचन आयोग, राज्य सूचना आयोग, राज्य मानव अधिकार आयोग, राज्य का मुख्य सचिव, जिला प्रशासन
- स्थानीय स्व-शासन एवं पंचायती राज

**राजस्थान की अर्थव्यवस्था**

- राज्य के विकास में उद्योग, कृषि, पशुपालन एवं खनिज क्षेत्र की भूमिका
- राजस्थान की अर्थव्यवस्था- विशेषताएं और समस्याएं
- राज्य की आय एवं बजट की अवधारणा
- हस्तशिल्प उद्योग, बेरोजगारी, सूखा और अकाल
- राजस्थान में विभिन्न कल्याणकारी योजनायें एवं अधिनियम, विकास संस्थायें, लघु उद्यम एवं वित्तीय संस्थायें, पंचायती राज संस्थाओं की ग्रामीण विकास में भूमिका
- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA), विकसित भारत - रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G)

**दैनिक विज्ञान**

- भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन, ऑक्सीकरण एवं अपचयन अभिक्रियाएँ, उत्प्रेरक
- धातु, अधातु एवं इनके प्रमुख यौगिक, सामान्य जीवन में प्रयुक्त कुछ महत्त्वपूर्ण यौगिक
- कार्बन तथा कार्बन के महत्त्वपूर्ण यौगिक, हाइड्रोकार्बन, कार्बन के अपररूप, क्लोरो-फ्लुओरोकार्बन या फ्रियॉन, सी.एन.जी., बहुलक, साबुन एवं अपमार्जक
- प्रकाश का परावर्तन व इसके नियम, प्रकाश का वर्ण विक्षेपण, लेंस के प्रकार, दृष्टि दोष तथा उसका निवारण
- अंतरिक्ष एवं सूचना प्रौद्योगिकी, भारत का अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम।
- आनुवांशिकी से सम्बन्धित सामान्य शब्दावली, मेंडल के आनुवंशिकता के नियम, गुणसूत्रों की संरचना, न्यूक्लिक अम्ल, प्रोटीन संश्लेषण का केन्द्रीय सिद्धान्त, मनुष्य में लिंग निर्धारण
- पर्यावरण अध्ययनः पारिस्थितिकी तन्त्र की संरचना, पारिस्थितिकी तन्त्र के जैविक घटक, पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा प्रवाह, जैव भू रसायनिक चक्र
- जैव प्रौद्योगिकीः सामान्य जानकारी, जैव-पेटेन्ट, नई पादप किस्मों का विकास, ट्रांसजेनिक जीव या परजीवी जीव
- जन्तुओं का आर्थिक महत्व, पादपों का आर्थिक महत्व
- रक्तसमूह ,रक्ताधान, आर.एच. कारक, रोगाणु तथा मानव स्वास्थ्य, कुपोषण तथा मानव स्वास्थ्य, मानव रोगः कारण एवं निवारण

**तार्किक विवेचन एवं गणित**

- रक्त संबंध,
- संख्या श्रेणी,
- अक्षर श्रेणी,
- घड़ी,
- कैलेंडर
- लघुतम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्त्य, औसत, लाभ-हानि, प्रतिशत, साधारण ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, अनुपात-समानुपात
- समय, चाल, दूरी, कार्य एवं समय
- त्रिभुज, वृत्त, दीर्घवृत्त, आयत, गोले और बेलन का क्षेत्रफल
- गोले, बेलन, घन और शंकु का आयतन
- आंकड़ों का चित्रों द्वारा निरूपण (आलेख, स्तंभचित्र, वृत्तचित्र, रेखा आलेख, आदि)
- कोड और डिकोड
- बैठने की व्यवस्था
- मानसिक योग्यता और विश्लेषणात्मक योग्यता

**समसामयिक घटनाएं**

- राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रौद्योगिकी भौगोलिक, पारिस्थितिकी, खेल-कूद, आदि क्षेत्रों की राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख समसामयिक घटनाएं
- प्रसिद्ध व्यक्तित्व
- राजस्थान राज्य एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं नीतियां
- नागरिक कर्तव्य :- मूल कर्तव्य एवं नैतिक मूल्य
- राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 के मुख्य प्रावधान

**जन स्वास्थ्य**

- प्राथमिक चिकित्सा (First aid) की बुनियादी बातें, कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन (CPR)
- नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के प्रकार और उनसे बचाव के उपाय
- युवाओं की शारीरिक और मानसिक फिटनेस
- सोशल मीडिया की लत से संबंधित स्वास्थ्य जोखिम एवं निवारक उपाय

**कंप्यूटर की जानकारी**

- कंप्यूटर की विशेषताएं और उपयोग
- मेमोरी (रैम, रोम) फाइल सिस्टम, इनपुट और आउटपुट डिवाइस सहित कम्प्यूटर संगठन
- एमएस ऑफिस (एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल/स्प्रेडशीट, एमएस पॉवरप्वाइंट की जानकारी)

**सामान्य हिन्दी**

- संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, अव्यय, क्रिया
- सन्धि और संधि विच्छेद
- सामासिक पदों की रचना और समास-विग्रह
- उपसर्ग
- प्रत्यय
- पर्यायवाची शब्द
- विपरीतार्थक (विलोम) शब्द
- अनेकार्थक शब्द
- शब्द- युग्म
- शब्द- शुद्धि : अशुद्ध शब्दों का शुद्धीकरण
- वाक्य - शुद्धि : अशुद्ध वाक्यों का शुद्धीकरण
- वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द
- मुहावरे और लोकोक्तियाँ
- अंग्रेजी के पारिभाषिक (तकनीकी) शब्दों के समानार्थक हिन्दी शब्द
- कार्यालयी पत्रों से सम्बन्धित ज्ञान, कार्यालय आदेश, परिपत्र, अधिसूचना, अर्द्धशासकीय पत्र, निविदा, प्रेस विज्ञप्ति

**General English**

- Tenses/Sequence of Tenses.
- Voice : Active and Passive.
- Narration : Direct and Indirect.
- Use of Articles and Determiners.
- Use of Prepositions.
- Translations of Simple (Ordinary/Common) Sentences from Hindi to English and vice-versa.
- Glossary of official, Technical Terms (with their Hindi Versions).
- Synonyms.
- Antonyms.
- One word substitution.
- Comprehension of a given passage.
- Knowledge of writing letters: Official, Demi Official, Informal.

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

वर्तमान परीक्षाओं के आधार पर (E) अनुत्तरित प्रश्न विकल्प इन प्रैक्टिस पेपर्स में नहीं दिया गया है।
वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित

# समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)
## CET (10+2) Level
# प्रैक्टिस पेपर-1

**कुल प्रश्न : 120** | **समय : 150 मिनट** | **कुल अंक : 240**

**प्रत्येक गलत उत्तर का प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर या किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।**

**1. लोकनाट्य और उनके वाद्य यंत्रों का कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?**
(A) हेला ख्याल — बम (बड़ा नगाड़ा)
(B) चारबैंत — डफ
(C) कन्हैया ख्याल — नौबत और घेरा
(D) नौटंकी — केवल बांसुरी

**2. विकसित भारत- G RAM G (ग्राम जी) विधेयक 2025 के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों/कथनों पर विचार करें:**
1. यह विधेयक मनरेगा (MGNREGA) का स्थान लेगा और प्रति ग्रामीण परिवार रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन करता है।
2. इसमें बुवाई और कटाई के व्यस्त सीजन के दौरान कुल 60 दिन का ''नो-वर्क पीरियड'' (पॉज-विंडो) रखा गया है।
3. इसमें वेतन के लिए राज्यों की कोई हिस्सेदारी नहीं होगी और 100% खर्च केंद्र सरकार उठाएगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई नहीं

**3. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद राज्य के मुख्यमंत्री के कर्तव्यों का वर्णन करता है?**
(A) अनुच्छेद 162 (B) अनुच्छेद 167
(C) अनुच्छेद 164 (D) अनुच्छेद 165

**4. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को जनसंख्या के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें (जनगणना 2011 के अनुसार) :**
(a) अलवर (b) बाड़मेर (c) बूंदी (d) बीकानेर
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(A) (b), (a), (d), (c) (B) (b), (a), (c), (d)
(C) (a), (b), (d), (c) (D) (a), (b), (c), (d)

**5. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I (संस्था) | सूची-II (स्थापना वर्ष) |
|---|---|
| (a) राजस्थान वित्त निगम (RFC) | (1) 1955 |
| (b) राजस्थान लघु उद्योग निगम (RAJSIKO) | (2) 1961 |
| (c) राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम (RIICO) | (3) 1980 |
| (d) ग्रामीण गैर-कृषि विकास एजेंसी (RUDA) | (4) 1995 |

कूट: (A) a-1, b-2, c-3, d-4 (B) a-2, b-1, c-4, d-3
(C) a-1, b-3, c-2, d-4 (D) a-4, b-2, c-3, d-1

**6. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सैडल पीक स्थित है ?**
(A) दक्षिण अंडमान (B) मध्य अंडमान
(C) ग्रेट निकोबार (D) उत्तरी अंडमान

**7. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें :**
(a) तुंगा का युद्ध (b) हुरड़ा सम्मेलन
(c) कृष्णा कुमारी की मृत्यु (d) सवाई जय सिंह की मृत्यु
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(A) (a), (c), (d), (b) (B) (b), (d), (a), (c)
(C) (d), (a), (b), (c) (D) (b), (c), (a), (d)

**8. निम्नलिखित में से सत्य कथन है/हैं—**
(i) लूनी नदी के किनारे स्थित स्थल बागोर से पशुपालन के अवशेष प्राप्त हुए हैं।
(ii) आहड़ स्थल का संबंध नवपाषाण काल से है।
(iii) कालीबंगा में, दुर्ग तथा निचला नगर दोनों प्राचीर युक्त मिले हैं।
(A) केवल (iii) (B) केवल (ii)
(C) (i) और (ii) (D) (i) और (iii)

**9. जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC) कब शुरू की गई?**
(A) 2005 (B) 2008 (C) 2010 (D) 2012

**10. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए (प्रचलित कीमतों पर वर्ष 2025-26 के अनुमान):**

| सूची-I (क्षेत्र/सूचक) | सूची-II (योगदान/दर) |
|---|---|
| (a) सेवा क्षेत्र का GSVA में योगदान | (1) 25.74% |
| (b) कृषि क्षेत्र का GSVA में योगदान | (2) 26.55% |
| (c) उद्योग क्षेत्र का GSVA में योगदान | (3) 10.24% |
| (d) GSDP वृद्धि दर (प्रचलित कीमतों पर) | (4) 47.71% |

कूट: (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-3, c-1, d-2 (D) a-2, b-4, c-3, d-1

**11. नीचे दो कथन दिए गए हैं :**
**कथन (I) :** बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के मानसून से राजस्थान में वर्षा होती है।
**कथन (II) :** बंगाल की खाड़ी का मानसून राजस्थान में बिना अधिक वर्षा किए गुजरता है, क्योंकि इसके गुजरने के मार्ग में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) कथन (I) गलत है, लेकिन कथन (II) सही है।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत हैं।
(D) कथन (I) सही है, लेकिन कथन (II) गलत है।

Daksh®

# DAKSH PUBLICATIONS

दक्ष®

## OMR ANSWER SHEET

छात्र इस OMR Answer Sheet में सही विकल्प भरकर अपना आंकलन स्वयं करें।

| ROLL NO. | | | | | | | | | | | TEST ID | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 |
| 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 |
| 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 |
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

Name ........................................................................................

Batch ........................................................................................

Mobile No .............................. Test Date ......./......./.........

Candidate Sign

Invigilator Sign

**INSTRUCTIONS FOR FILLING THE SHEET**

1. This sheet should not be folded or crushed.
2. Use only blue/black ball pointpen to fill the circles.
3. Use of pencils strictly prohibited.
4. Circles should be darkened completely and properly
5. Cutting and erasing on this sheet is not allowed.
6. Do not use any stray marks on the sheet.
7. Do not use marker or white fluid to hide the mark.

WRONG METHODS ⊗ ◉ ✓ CORRECT METHOD ○ ○ ○ ●

| | A B C D E | | A B C D E | | A B C D E | | A B C D E |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A B C D E | 31 | A B C D E | 61 | A B C D E | 91 | A B C D E |
| 2 | A B C D E | 32 | A B C D E | 62 | A B C D E | 92 | A B C D E |
| 3 | A B C D E | 33 | A B C D E | 63 | A B C D E | 93 | A B C D E |
| 4 | A B C D E | 34 | A B C D E | 64 | A B C D E | 94 | A B C D E |
| 5 | A B C D E | 35 | A B C D E | 65 | A B C D E | 95 | A B C D E |
| 6 | A B C D E | 36 | A B C D E | 66 | A B C D E | 96 | A B C D E |
| 7 | A B C D E | 37 | A B C D E | 67 | A B C D E | 97 | A B C D E |
| 8 | A B C D E | 38 | A B C D E | 68 | A B C D E | 98 | A B C D E |
| 9 | A B C D E | 39 | A B C D E | 69 | A B C D E | 99 | A B C D E |
| 10 | A B C D E | 40 | A B C D E | 70 | A B C D E | 100 | A B C D E |
| 11 | A B C D E | 41 | A B C D E | 71 | A B C D E | 101 | A B C D E |
| 12 | A B C D E | 42 | A B C D E | 72 | A B C D E | 102 | A B C D E |
| 13 | A B C D E | 43 | A B C D E | 73 | A B C D E | 103 | A B C D E |
| 14 | A B C D E | 44 | A B C D E | 74 | A B C D E | 104 | A B C D E |
| 15 | A B C D E | 45 | A B C D E | 75 | A B C D E | 105 | A B C D E |
| 16 | A B C D E | 46 | A B C D E | 76 | A B C D E | 106 | A B C D E |
| 17 | A B C D E | 47 | A B C D E | 77 | A B C D E | 107 | A B C D E |
| 18 | A B C D E | 48 | A B C D E | 78 | A B C D E | 108 | A B C D E |
| 19 | A B C D E | 49 | A B C D E | 79 | A B C D E | 109 | A B C D E |
| 20 | A B C D E | 50 | A B C D E | 80 | A B C D E | 110 | A B C D E |
| 21 | A B C D E | 51 | A B C D E | 81 | A B C D E | 111 | A B C D E |
| 22 | A B C D E | 52 | A B C D E | 82 | A B C D E | 112 | A B C D E |
| 23 | A B C D E | 53 | A B C D E | 83 | A B C D E | 113 | A B C D E |
| 24 | A B C D E | 54 | A B C D E | 84 | A B C D E | 114 | A B C D E |
| 25 | A B C D E | 55 | A B C D E | 85 | A B C D E | 115 | A B C D E |
| 26 | A B C D E | 56 | A B C D E | 86 | A B C D E | 116 | A B C D E |
| 27 | A B C D E | 57 | A B C D E | 87 | A B C D E | 117 | A B C D E |
| 28 | A B C D E | 58 | A B C D E | 88 | A B C D E | 118 | A B C D E |
| 29 | A B C D E | 59 | A B C D E | 89 | A B C D E | 119 | A B C D E |
| 30 | A B C D E | 60 | A B C D E | 90 | A B C D E | 120 | A B C D E |

**20. (B)** राजस्थान के **जिलों के शुभंकर (Mascots)** का सही मिलान इस प्रकार है: **भीलवाड़ा** का शुभंकर **मोर (Peacock)** है। **बाड़मेर** का शुभंकर **मरु लोमड़ी (Desert Fox)** है। **सवाई माधोपुर** का शुभंकर **बाघ (Tiger)** है। **अलवर** का शुभंकर **सांभर हिरण (Sambar Deer)** है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में शुभंकर योजना 2016 में शुरू की गई थी। अतः सही कूट **(a)-III, (b)-II, (c)-IV, (d)-I** है।

**21. (B)** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष तक, जो भी पहले हो। वह भारत के चुनाव आयोग के प्रमुख हैं। उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया के माध्यम से ही उन्हें उनके पद से हटाया जा सकता है।

**22. (D)** **एक जिला, एक उत्पाद** योजना के अंतर्गत—

**(a)** **चूरू** जिले के लिए **मूंगफली उत्पाद** का चयन किया गया है।

**(b)** **जयपुर** जिले के लिए **टमाटर** का चयन किया गया है।

**(c)** **झालावाड़** जिले के लिए **नारंगी/संतरा** का चयन किया गया है, क्योंकि इसे 'राजस्थान का नागपुर' कहा जाता है।

**(d)** **कोटा** जिले के लिए **धनिया** का चयन किया गया है, क्योंकि हाड़ौती क्षेत्र धनिये का प्रमुख उत्पादक है।

अतः **सही कूट (a)-III, (b)-IV, (c)-I, (d)-II** है।

**23. (A)** **झामर कोटड़ा** की खानें, जो **उदयपुर** जिले में स्थित हैं, भारत की सबसे बड़ी और प्रसिद्ध **रॉक फॉस्फेट** की खानें हैं। यहाँ से देश के कुल उत्पादन का लगभग **90%** रॉक फॉस्फेट निकाला जाता है। उदयपुर में रॉक फॉस्फेट की अन्य खानें सीसारमा, कानपुर, अम्बेरी, डाकन-कोटड़, बड़गाँव एवं नीमच माता में भी है। इस खनिज का उपयोग मुख्य रूप से **सुपर फॉस्फेट** और **डीएपी** जैसे **रासायनिक उर्वरकों** के निर्माण में किया जाता है।

**24. (D)** **मानवाधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2019** के प्रावधानों के अनुसार, **राज्य मानवाधिकार आयोग** के अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति के लिए योग्यता मानदंडों में महत्त्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इस संशोधित अधिनियम की धारा 21(2)(क) के तहत, किसी राज्य के **मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष** केवल उसी व्यक्ति को नियुक्त किया जा सकता है, जो **भारत के किसी उच्च न्यायालय का पूर्व मुख्य न्यायाधीश** रहा हो, या फिर वह **उच्च न्यायालय का पूर्व न्यायाधीश** रहा हो। अतः विकल्प (D) पूर्णतः सत्य है।

**25. (D)** विकल्प (D) सुमेलित नहीं है क्योंकि **आपात उपबन्ध** रूस के संविधान से नहीं लिए गए हैं। भारतीय संविधान में आपातकाल के दौरान मूल अधिकारों का निलंबन **जर्मनी के वाइमर संविधान** से प्रेरित है और प्रशासनिक विवरण **भारत शासन अधिनियम, 1935** से लिए गए हैं। **रूस (पूर्व सोवियत संघ)** से मौलिक कर्तव्य और प्रस्तावना में न्याय का आदर्श लिया गया है। अन्य विकल्प सही हैं: मौलिक अधिकार **अमेरिका** से, संसदीय लोकतंत्र **ब्रिटेन** से और नीति निर्देशक तत्व **आयरलैंड** से लिए गए हैं।

**26. (C)** **लौह और इस्पात उद्योग (Iron and Steel Industry)** एक **खनिज आधारित उद्योग** है। इसमें कच्चे माल के रूप में कृषि उत्पादों की नहीं, बल्कि लौह अयस्क, कोयला आदि खनिजों की आवश्यकता होती है। जबकि **दाल मिलें, चावल मिलें और कपास उद्योग** पूर्णतः कृषि फसलों पर निर्भर हैं। कृषि आधारित उद्योगों में कच्चा माल (जैसे- दाल, धान, कपास, तिलहन) सीधे खेतों से प्राप्त होता है।

**27. (B)** **किराडू का मंदिर**, जो **बाड़मेर** जिले में स्थित है, को अपनी उत्कृष्ट मूर्तिकला और विशेष रूप से **कामुक** प्रतिमाओं के कारण **'राजस्थान का खजुराहो'** कहा जाता है। ये मंदिर **11वीं-12वीं शताब्दी** में सोलंकी शैली में निर्मित हुए थे। **जगत (उदयपुर)** के अंबिका माता मंदिर को **'मेवाड़ का खजुराहो'** और **भंडदेवरा (बारां)** के शिव मंदिर को **'हाड़ौती का खजुराहो' (मिनी खजुराहो)** कहा जाता है।

**28. (C)** राजस्थान के पश्चिमी मरुस्थलीय क्षेत्रों में **सेवण, धामण और कराड़** मुख्य रूप से पौष्टिक **घास के प्रकार** हैं। ये घासें शुष्क और अर्द्ध-शुष्क जलवायु में कम पानी में भी पनपने के लिए पूरी तरह से अनुकूलित होती हैं। विशेषकर **सेवण घास** जैसलमेर के **लाठी सीरीज़** भूगर्भिक जल पट्टी क्षेत्र में बहुतायत से पाई जाती है, जो दुधारू पशुओं के लिए अत्यधिक **प्रोटीन युक्त** मानी जाती है। गोडावण पक्षी भी इसी घास में अपने अंडे देता है। धामण घास भी चारे के रूप में बहुत उपयोगी है और ये मरुस्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने तथा **मृदा अपरदन** रोकने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

**29. (A)** **कथन (I)**: **लाल-पीली मृदा** राजस्थान के **सवाई माधोपुर**, **सिरोही**, **राजसमंद**, **उदयपुर**, **भीलवाड़ा** और **अजमेर** जिलों में पाई जाती है। यह **ग्रेनाइट**, **नीस** और **सिस्ट** चट्टानों के विखंडन से बनी है।

**कथन (II)**: यह मृदा **मूँगफली** और **कपास** की खेती के लिए **उपयुक्त** मानी जाती है, क्योंकि इसमें **लोहा** और पोटाश की मात्रा अच्छी होती है और यह नमी को धारण करने की क्षमता रखती है। उल्लेखनीय है कि कपास के लिए काली मिट्टी सर्वोत्तम है, लेकिन लाल-पीली मिट्टी में भी कपास की खेती, विशेषकर दक्षिण राजस्थान में, की जाती है।

**30. (A)** **(A)** **बीसलपुर बाँध टोंक** जिले के **देवली** के पास **टोडा रायसिंह** तहसील में **बनास नदी** पर स्थित राजस्थान की सबसे बड़ी **पेयजल परियोजना** है।

**(B)** **मेजा बाँध** भीलवाड़ा जिले में **कोठारी नदी** पर स्थित है, न कि खारी नदी पर।

**(C)** **सिद्धमुख नहर** रावी-व्यास नदियों का अतिरिक्त पानी हनुमानगढ़/चूरू में लाती है, यमुना नदी से नहीं।

**(D)** **पोंग बाँध** हिमाचल प्रदेश में **व्यास नदी** पर स्थित है, चंबल पर नहीं।

**31. (B)** **लूनी बेसिन** (जिसका स्थानीय नाम **गोडवाड़ प्रदेश** भी है) राजस्थान के **पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश** के **अर्द्ध-शुष्क** मैदानी उप-भाग का एक प्रमुख हिस्सा है। लूनी नदी पश्चिमी राजस्थान की सबसे महत्वपूर्ण और प्रमुख बरसाती नदी है जो अजमेर की नाग पहाड़ियों से निकलकर नागौर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर और जालौर जिलों में बहते हुए गुजरात के कच्छ के रण में विलुप्त हो जाती है। इस बेसिन का विस्तार अरावली के पश्चिम में स्थित **थार मरुस्थल** के अंतर्गत ही आता है। अतः यह

न कि सरकारी। **'विवरण-पत्र' (Brochure)** सामान्यतः सूचना या विज्ञापन के लिए होता है।

**सरकारी पत्र (Official Letter)–** सरकारी कामकाज में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के पत्र, जिनका एक निश्चित प्रारूप और उद्देश्य होता है।

**105. (D)** **अवलंब**—इस शब्द का अर्थ **'सहारा'** या **'आश्रय'** है।
**अविलंब**—इस शब्द का अर्थ **'बिना देरी के'** अर्थात **'शीघ्र'** या 'तुरंत' होता है।
**अन्य उदाहरण**—

| | | |
|---|---|---|
| **अनल** (आग) | – | **अनिल** (हवा) |
| **दिन** (दिवस) | – | **दीन** (गरीब) |
| **अली** (भौंरा) | – | **आली** (सखी) |
| **अपेक्षा** (उम्मीद) | – | **उपेक्षा** (तिरस्कार/निरादर) |
| **कुल** (वंश/सब) | – | **कूल** (किनारा) |

**106. (D)** ✧ सामान्यतः **Uncountable Nouns** के साथ A/An का प्रयोग नहीं होता।
✧ परंतु यदि Uncount Noun के पहले कोई **adjective (विशेषण)** लगा हो और वह मानवीय भावनाओं, मानसिक गतिविधियों या सीमित अर्थ (limiting meaning) को व्यक्त करे, तो A/An लग सकता है (जैसे - a deep understanding, a terrible weather, an exact knowledge)।
✧ **Exception Rule** - अधिकतर uncountable nouns विशेषण लगने के बावजूद A/An नहीं लेते। "He speaks **excellent English**" और "enjoys **very good health**" में Zero Article ही रहता है। अतः विकल्प (D) अशुद्ध है।

**107. (C)** Ans. (C) is correct. is/am/are + verb की first form of verb + ing. Present Continuous Tense की वाक्य संरचना है। I am feeling tense and my head is aching, present continuous tense का sentence है।

**108. (B)** Ans. (B) is correct. सही उत्तर है She has lived in Jaipur since her return **from** America. यहाँ Preposition 'from' का प्रयोग source/beginning point के रूप में हुआ है।

**109. (D)** इस वाक्य में सही Articles (a, an, the) का प्रयोग करना है।
It was **a** windy morning: "morning" एक singular countable noun है, और "windy" एक व्यंजन ध्वनि से शुरू होता है, इसलिए 'a' का प्रयोग होगा।
hired **a** boat: "boat" एक singular countable noun है, इसलिए 'a' का प्रयोग होगा।
went for **a** sail: "sail" यहाँ एक यात्रा के अर्थ में एक noun के रूप में प्रयोग हुआ है, इसलिए 'a' लगेगा।
along **the** coast: यहाँ एक विशिष्ट तट (specific coast) की बात हो रही है, इसलिए definite article 'the' का प्रयोग होगा।

**110. (D)** **Ans. (D)** is correct. प्रश्नवाचक में asked का said to बनेगा और Reported clause — Are you ill? बनेगा। सही उत्तर है—They said to me, "Are you ill?"

**111. (D)** ✧ वाक्य "He had a heart attack" में **'had'** एक सहायक क्रिया (Auxiliary verb) नहीं है, बल्कि यह एक **Principal Verb** (मुख्य क्रिया) है जो 'अनुभव करने' (**experienced**) का अर्थ दे रहा है। अतः Assertion (A) गलत है।
✧ **Reason (R)** बिल्कुल सही है। जब अधिकार बताने (possess), अनुभव व्यक्त करने (experience), या आनन्द प्राप्त करने (enjoy) का बोध हो, तो **Have/Has/Had** का प्रयोग **Principal Verb** के रूप में होता है।

**112. (C)** Ans. (C) is correct. For a regular action we use the Present Indefinite Tense so 'goes' is the correct answers. नियमित होने वाले कार्य के लिए Present Indefinite Tense आता है और III person 'he' के साथ goes का प्रयोग सही है।

**113. (C)** यह अनुवाद अंग्रेजी वाक्य के सभी तत्वों को सटीक रूप से दर्शाता है। "The proposal which I put yesterday" का अनुवाद "जो प्रस्ताव मैंने कल रखा था" है, और "All accepted" का अनुवाद "सभी ने स्वीकार कर लिया" है। यह वाक्य के अर्थ को पूरी तरह से स्पष्ट करता है।

**114. (D)** Ans. (D) is correct. Certificate of abatement is the correct phrase. कटौती प्रमाण पत्र सही शब्द है।

**115. (C)** यह मिलान शब्दों और उनके विलोम (antonyms) पर आधारित है।
**(a) barren** (बंजर) का विलोम **fertile** (उपजाऊ) है।
**(b) despair** (निराशा) का विलोम **hope** (आशा) है।
**(c) flexible** (लचीला) का विलोम **rigid** (कठोर) है।
**(d) humble** (विनम्र) का विलोम **arrogant** (अहंकारी) है।

**116. (C)** According to the passage. Nature writing emphasises on (i) Historical facts about nature (ii) philosophical interpretation of nature and (iii) scientific information and facts. Passage को ध्यानपूर्वक पढ़कर हमें ये उत्तर मालूम होते हैं।

**117. (D)** According to the passage the period to which te modern nature writing can be traced to is 1750 till 1900.

**118. (D)** The passage talks about the definition of nature writing, different types of nature writing, its style, and about the roots and pioneer (अग्रणी) of modern nature writing.

**119. (A)** 'Reflection' as used in the passage means 'opinion' यहाँ reflections का अर्थ – मत या विचारधारा है।

**120. (D)** The works written as part of nature writing are
(i) Natural history essays and essays of solitude or escape.
(ii) Poetry and
(iii) Travel and adventure writing.

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

# समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)

CET (10+2) Level

# प्रैक्टिस पेपर-2

वर्तमान परीक्षाओं के आधार पर (E) अनुत्तरित प्रश्न विकल्प इन प्रैक्टिस पेपर्स में नहीं दिया गया है।
**वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित**

**कुल प्रश्न : 120** | **समय : 150 मिनट** | **कुल अंक : 240**

*प्रत्येक गलत उत्तर का प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर या किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।*

**1. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I (जिला) | सूची-II (एक जिला एक उत्पाद) |
|---|---|
| a. अलवर | 1. रत्न एवं आभूषण |
| b. जयपुर | 2. ऑटोमोबाइल पार्ट्स |
| c. बीकानेर | 3. भुजिया एवं नमकीन |
| d. भीलवाड़ा | 4. वस्त्र उत्पाद |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-3, d-4 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-3, c-1, d-4 (D) a-4, b-2, c-3, d-1

**2. 'तालाब-ए-शाही' झील निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?**
(A) धौलपुर (B) बून्दी (C) भरतपुर (D) डूंगरपुर

**3. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I (घटना/अधिनियम) | सूची-II (वर्ष) |
|---|---|
| (a) राजस्थान में पंचायती राज का उद्घाटन | (1) 1959 |
| (b) पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा | (2) 1993 |
| (c) राजस्थान पंचायती राज अधिनियम | (3) 1994 |
| (d) राजस्थान पंचायती राज नियम | (4) 1996 |

**कूट:** (A) a-1, b-2, c-3, d-4 (B) a-2, b-1, c-4, d-3
(C) a-1, b-3, c-2, d-4 (D) a-4, b-2, c-3, d-1

**4. नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक कथन (A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (R) के रूप में।**
**कथन (Assertion - A):** राजस्थान की अर्थव्यवस्था (GSVA में स्थिर मूल्यों पर) में सेवा क्षेत्र का योगदान कृषि और उद्योग दोनों क्षेत्रों के संयुक्त योगदान से भी अधिक है।
**कारण (Reason - R):** सेवा क्षेत्र में परिवहन, भंडारण, संचार, वित्तीय सेवाएँ और सार्वजनिक प्रशासन जैसे विविध और उच्च मूल्य वाले क्षेत्र शामिल हैं।
**उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

**5. मुख्यमंत्री या मंत्री के रूप में नियुक्त व्यक्ति के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :**
(i) उसमें अनुच्छेद 173 के अधीन अर्हताएँ होनी चाहिए।
(ii) उसमें अनुच्छेद 190 के अधीन निरर्हताएँ नहीं होनी चाहिए।
(A) केवल (ii) सही है।
(B) (i) व (ii) दोनों सही हैं ।
(C) न तो (i), न ही (ii) सही है।
(D) केवल (i) सही है।

**6. श्रीलाल जोशी का संबंध किससे है?**
(A) फड़ (B) रम्मत (C) ख्याल (D) नौटंकी

**7. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I (योजना/संस्था) | सूची-II (स्थापना/प्रारंभ वर्ष) |
|---|---|
| (a) राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजजीविका) | (1) 1975 |
| (b) समेकित बाल विकास सेवाएँ (I.C.D.S.) | (2) 1986-87 |
| (c) मेवात क्षेत्र विकास योजना | (3) 2008 |
| (d) 108 एम्बुलेंस सेवा योजना | (4) 2010 |

**कूट:** (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-3, c-1, d-2 (D) a-2, b-4, c-3, d-1

**8. निम्नलिखित में से कौन भारत सरकार के प्रधानमंत्री के वेतन एवम् भत्तों का निर्धारण करता है?**
(A) राष्ट्रपति (B) संसद्
(C) प्रधानमंत्री स्वयं (D) मंत्रिमण्डल

**9. 1857 की क्रांति के दौरान देशी रियासत – पॉलिटिकल एजेंट का कौनसा युग्म, असंगत है?**
(A) उदयपुर - सी. एल. शॉवर्स
(B) जयपुर - कर्नल ईडन
(C) बीकानेर - कैप्टन जे. डी. हॉल
(D) जोधपुर - मैक मेसन

**10. निम्नांकित में से शहरी क्षेत्र की बेरोजगारी के प्रकार है—**
(1) प्रच्छन्न बेरोजगारी (2) मौसमी बेरोजगारी
(3) औद्योगिक बेरोजगारी (4) शिक्षित बेरोजगारी
(A) 1 और 2 (B) 3 और 4
(C) 1, 3 और 4 (D) उपर्युक्त सभी

**11. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I (व्यक्तित्व) | सूची-II (उपनाम/उपाधि) |
|---|---|
| a. जय नारायण व्यास | 1. गुलाम नं. 4 |
| b. जमुनालाल बजाज | 2. आधुनिक राजस्थान के निर्माता |
| c. मोहनलाल सुखाड़िया | 3. लोकनायक |
| d. भोगीलाल पंड्या | 4. वागड़ के गांधी |

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

वर्तमान परीक्षाओं के आधार पर (E) अनुत्तरित प्रश्न विकल्प इन प्रैक्टिस पेपर्स में नहीं दिया गया है।
**वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित**

# समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)
## CET (10+2) Level
# प्रैक्टिस पेपर-3

**कुल प्रश्न : 120** **समय : 150 मिनट** **कुल अंक : 240**

*प्रत्येक गलत उत्तर का प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर या किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।*

**1. निम्नलिखित में से कौन–सी मोटे अनाज की फसल है?**
a. मक्का b. ज्वार c. चावल d. गेहूँ
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c और a केवल (B) b और c केवल
(C) a और b केवल (D) a केवल

**2. नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक कथन (A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (R) के रूप में।**
**कथन (A):** राजस्थान एम-सैंड (M-Sand) नीति 2024 एक रणनीतिक पहल है।
**कारण (R):** इसका उद्देश्य निर्माण कार्यों में नदी रेत (बजरी) के विकल्प के रूप में निर्मित रेत को प्रोत्साहन देना है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

**3. निम्न में से छोटे व मध्यम उद्योगों को सभी प्रकार के परामर्श व सेवाएँ देने वाली संस्था है—**
(A) राजकॉन (B) रूडा (C) राजसीको (D) रीको

**4. निम्नलिखित वन्यजीव अभयारण्यों को उनकी सही अवस्थितियों से मिलाइए—**
(i) रामगढ़ अभयारण्य (a) धौलपुर
(ii) जवाहर सागर अभयारण्य (b) चूरू
(iii) वन विहार अभयारण्य (c) बूंदी
(iv) ताल छापर अभयारण्य (d) अलवर
(v) सरिस्का अभयारण्य (e) कोटा

| कूट : | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (e) | (d) | (a) | (c) | (b) |
| (B) | (a) | (b) | (d) | (e) | (c) |
| (C) | (c) | (e) | (a) | (b) | (d) |
| (D) | (a) | (d) | (c) | (b) | (e) |

**5. नीचे दो कथन दिए गए हैं—**
**कथन (I) :** राजस्थान में बावड़ियों का निर्माण व्यक्तिगत एवं सामाजिक उपयोग के लिए किया जाता था।
**कथन (II) :** बूंदी शहर को वहाँ की बावड़ियों की प्रमुखता के कारण बावड़ियों के शहर के रूप में जाना जाता है।
**उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें—**
(A) कथन (I) असत्य है, किन्तु कथन (II) सत्य है।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों सत्य हैं।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों असत्य हैं।
(D) कथन (I) सत्य है, किन्तु कथन (II) असत्य है।

**6. निम्नांकित में से, कब ग्राम पंचायत स्तर पर सतर्कता समिति को समाप्त कर दिया गया था?**
(A) 6 जनवरी, 1999 (B) 6 जनवरी, 2000
(C) 6 फरवरी, 2000 (D) 6 फरवरी, 1999

**7. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—**

| | सूची-I (अधिकार) | | सूची-II (सम्बन्धित है) |
|---|---|---|---|
| a. | समानता का अधिकार | I. | जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा |
| b. | स्वतन्त्रता का अधिकार | II. | मानव तस्करी और जबरन श्रम पर प्रतिबंध |
| c. | सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार | III. | सैन्य और शैक्षणिक उपाधियों को छोड़कर अन्य उपाधियों का उन्मूलन |
| d. | शोषण के विरुद्ध अधिकार | IV. | अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उनका प्रशासन करने का अधिकार |

**दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) a-I, b - II, c - III, d - IV
(B) a - II, b - IV, c - I, d - III
(C) a-IV, b - III, c - II, d - I
(D) a - III, b - I, c - IV, d - II

**8. अचानकमार-अमरकंटक बायोस्फीयर रिजर्व भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**
(A) गुजरात (B) मध्य प्रदेश (C) झारखण्ड (D) उत्तराखंड

**9. नर्मदा सागर परियोजना निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**
(A) छत्तीसगढ़ (B) उत्तर प्रदेश (C) मध्य प्रदेश (D) गुजरात

**10. मीणा जनजाति की सामाजिक संरचना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
1. मीणा समाज पितृसत्तात्मक है और इनके मुखिया को पटेल कहा जाता है।
2. मीणाओं की सबसे बड़ी पंचायत को चौरासी कहा जाता है।
3. मुनि मगनसागर ने मीन पुराण की रचना की थी।

**न देखा जा सके** वह **'अपारदर्शी'**, **अनुचित बात के लिए आग्रह** **'दुराग्रह'**, **जो कहा न जा सके** वह **'अकथनीय'** तथा **जिसके हृदय में दया नहीं है** उसे **'निर्दयी'** कहा जाता है।

**102. (B)** **'अक्ल का दुश्मन होना'** का अर्थ है **'मूर्ख होना'**। **'अन्न जल उठाना'** का अर्थ है **'अपनी सत्यता की परीक्षा देना या कसम खाना'**। **'अगिया बैताल'** का अर्थ **'अत्यंत क्रोधी या उग्र व्यक्ति'** होता है, तथा **'अक्ल का पुतला'** का अर्थ 'अधिक बुद्धिमान' होता है।

**103. (A)** सही उत्तर **(A) Gazetted - राजपत्र** है। यह मिलान अशुद्ध है। **व्याकरण का नियम—'Gazette'** एक **Noun** है जिसका अर्थ **'राजपत्र'** होता है। वहीं **'Gazetted'** एक **Adjective (विशेषण)** है जिसका अर्थ **'राजपत्रित'** होता है **(उदाहरण—Gazetted Officer - राजपत्रित अधिकारी)**।

**104. (A)** **व्यक्तिगत, व्यापारिक, और आधिकारिक** पत्र, ये सभी पत्र लेखन के प्रकार हैं।
इसके विपरीत, **संक्षेपण** और **पल्लवन** पत्र लेखन के प्रकार नहीं हैं, बल्कि ये गद्य लेखन की दो अलग-अलग विधाएँ या कौशल हैं। संक्षेपण में किसी बड़े गद्यांश को संक्षिप्त किया जाता है। पल्लवन में किसी एक विचार या पंक्ति का विस्तार किया जाता है।

**105. (A)** उपरोक्त में से विकल्प (A) में **'स्थान वाचक क्रिया विशेषण'** है।
(A) आप <u>यहाँ</u> बैठिए। = **स्थानवाचक**
✧ **स्थानवाचक क्रियाविशेषण**—क्रिया के घटित होने के स्थान के विषय में बोध कराने वाले क्रियाविशेषण शब्द स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं। जैसे—**यहाँ, वहाँ, इधर, उधर, भीतर, दूर, ऊपर, नीचे, आर-पार, तरफ।**

**106. (A)** Ans. (A) is correct. Tense present perfect continuous है। इसलिए नियम के अनुसार - The child has been sleeping for the last one hour. सही है।

**107. (A)** Ans. (A) is correct. Grateful के बाद to आता है। I have got a meeting <u>on</u> Thursday. वार के on आता है। Satisfied <u>with</u> a person होता है। बिक्री के लिए होने के लिए <u>on</u> sale आता है। Choice (A) में ये चारों preposition है।

**108. (D)** Ans. (D) is correct. Meat is an uncountable noun and as such no article is used before it. Meat एक uncountable संज्ञा है और इसके पहले article नहीं लगेगा।

**109. (A)** ✧ यदि **Positive Degree** के अंत में **'y'** हो और उससे पहले **Vowel** (स्वर) हो, तो Comparative बनाते समय 'y' को 'i' में नहीं बदला जाता (जैसे **Grey - greyer - greyest** या **Gay - gayer - gayest**)।
✧ यदि 'y' से पहले **Consonant** (व्यंजन) हो, तो 'y' को **'i'** में बदलकर **er/est** जोड़ा जाता है (जैसे **Holy - holier - holiest**)।
✧ Assertion में दिए गए उदाहरण Reason में दिए गए नियम का पूर्णतः पालन करते हैं।

**110. (C)** Ans. (C) is correct. In an official letter we mention the purpose of writing the letter, then we address the specific person, express our purpose in brief and organize the required information in paragraphs. कार्यालय सम्बन्धी पत्रों में हम Subject लिखते हैं फिर पत्र प्राप्तकर्ता को address करते हैं और संदेश या सूचना को Paragraphs में लिखते हैं।

**111. (D)** Ans. (D) is correct. Imperative sentences में यदि Order हो तो Passive voice – Let + Object + be + III form के अनुसार बनता है। Let Mr. Smith be told to wait here सही है।

**112. (A)** हिंदी वाक्य "आशा एक महीने से कार चलाना सीख रही है" यह दर्शाता है कि क्रिया भूतकाल में शुरू हुई और अभी भी जारी है, साथ में समय की अवधि ('एक महीने से') दी गई है। इसके लिए अंग्रेजी में Present Perfect Continuous Tense (has/have been + V-ing) का प्रयोग होता है। 'एक महीने' एक period of time है, जिसके लिए 'for' का प्रयोग होता है। अतः, सही अनुवाद है: "Asha has been learning to drive a car for a month."

**113. (D)** Ans. (D) is correct. Abdicate means 'to leave a post.' पद त्यागने के लिए abdicate शब्द का प्रयोग सही है।

**114. (A)** यह मिलान शब्दों और उनके विलोम (antonyms) पर आधारित है।
**(a)** **Approve** (स्वीकार करना) का विलोम **Disapprove** (अस्वीकार करना) है।
**(b)** **Scarce** (दुर्लभ, कम) का विलोम **Plenty** (प्रचुर, बहुत) है।
**(c)** **Modern** (आधुनिक) का विलोम **Orthodox** (रूढ़िवादी) है।
**(d)** **Opaque** (अपारदर्शी) का विलोम **Transparent** (पारदर्शी) है।

**115. (B)** किसी कैदी को कुछ शर्तों पर जेल से रिहा करने को 'Parole' (पैरोल) कहा जाता है। यह एक ऐसी अवधि होती है जिसमें कैदी को उसके अच्छे व्यवहार के वादे पर सजा पूरी होने से पहले रिहा कर दिया जाता है। अन्य विकल्प, जैसे 'Pass' (पास) का अर्थ अनुमति पत्र, 'Patrol' (पैट्रोल) का अर्थ गश्त लगाना और 'Patroller' (पैट्रोलर) का अर्थ गश्त लगाने वाला व्यक्ति है, जो इस संदर्भ में सही नहीं हैं।

**116. (B)** Ans. (B) is correct. According to the passage (B) is the correct answer.

**117. (B)** Ans. (B) is correct. (B) is the correct answer according to the passage.

**118. (A)** Ans. (A) is correct. to leave का अर्थ-depart है।

**119. (D)** Ans. (D) is correct. According to the passage (D) 'I have a dream' is the correct answer.

**120. (A)** Ans. (A) is correct. King speaks in front of – The civil rights supporters.

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

वर्तमान परीक्षाओं के आधार पर (E) अनुत्तरित प्रश्न विकल्प इन प्रैक्टिस पेपर्स में नहीं दिया गया है।
**वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित**

# समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)
**CET (10+2) Level**

# प्रैक्टिस पेपर-4

**कुल प्रश्न : 120** | **समय : 150 मिनट** | **कुल अंक : 240**

*प्रत्येक गलत उत्तर का प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर या किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।*

**1. नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक कथन (A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (R) के रूप में।**
**कथन (A):** बिजौलिया के किसानों ने 1903 में 'चँवरी कर' और 1906 में 'तलवार बँधाई' कर का कड़ा विरोध किया।
**कारण (R):** इन करों ने किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया था, जिससे उनमें जागीरदारों के प्रति भारी असंतोष व्याप्त हो गया।
**उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

**2. राष्ट्रीय उद्यान को उनके मूल जिला से मिलान करें :**

| सूची I (राष्ट्रीय उद्यान) | सूची II (जिला) |
|---|---|
| (a) रणथंभोर राष्ट्रीय उद्यान | (i) अलवर |
| (b) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान | (ii) सवाई माधोपुर |
| (c) सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान | (iii) भरतपुर |
| (d) मुकुन्दरा पहाड़ी राष्ट्रीय उद्यान | (iv) कोटा |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(A) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)
(B) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(C) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(D) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)

**3. राजस्थान में 1857 की क्रांति को कालक्रम में व्यवस्थित करें :**
(a) कोटा में क्रांति (b) नसीराबाद में क्रांति
(c) एरिनपुर में क्रांति (d) नीमच में क्रांति
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(A) (b), (d), (c), (a) (B) (c), (b), (a), (d)
(C) (c), (d), (a), (b) (D) (b), (a), (c), (d)

**4. राजस्थान के उस शासक का नाम बताइए जो प्राचीन वैदिक अनुष्ठान अश्वमेध यज्ञ करने वाला अंतिम हिन्दू शासक था :**
(A) मिर्जा राजा जय सिंह (B) सवाई जय सिंह
(C) भगवान दास (D) मान सिंह

**5. 'प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना' के दूसरे चरण (2.0) के बारे में सही कथनों का समूह है:**
1. प्रथम संतान के लिए दो किस्तों में ₹5,000 दिए जाते हैं।
2. द्वितीय संतान के रूप में बालिका होने पर ₹6,000 की सहायता दी जाती है।
3. दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को प्रथम संतान पर ₹10,000 की सहायता दी जाती है।

**कूट:** (A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**6. सूची I को सूची II से सुमेलित करें—**

| सूची I (राजस्थान में फसल) | सूची II (आवश्यक वर्षा) |
|---|---|
| a. मक्का | I. 100 सेमी - 120 सेमी |
| b. ज्वार | II. 50 सेमी - 100 सेमी |
| c. गन्ना | III. 50 सेमी - 125 सेमी |
| d. मूंगफली | IV. 40 सेमी - 80 सेमी |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(A) a-II, b-IV, c-I, d-III(B) a-I, b-II, c-III, d-IV
[A] (C) a-I, b-IV, c-II, d-III(D) a-IV, b-III, c-II, d-I

**7. राजस्थान में प्रथम चीनी मिल 'दी मेवाड़ शुगर मिल्स लि.' की स्थापना कहाँ और कब की गई थी?**
(A) श्रीगंगानगर, 1937 (B) भोपालसागर, 1932
(C) केशोरायपाटन, 1965 (D) उदयपुर, 1976

**8. नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक कथन (A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (R) के रूप में।**
**कथन (Assertion - A):** राजस्थान में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) वर्ष 2024 के 396.72 से बढ़कर 2025 में 396.74 हो गया है।
**कारण (Reason - R):** राजस्थान में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) का आधार वर्ष 2011-12 माना गया है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

